दिनाँक : 18.09.2020

प्रेस–विज्ञप्ति

संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड – 2020 की काउन्सिलिंग प्रक्रिया 21 सितम्बर 2020 से प्रारम्भ होनी थी, किन्तु अनेक अभ्यर्थियों के अर्हता पाठ्यक्रम की अंतिम वर्ष की परीक्षायें चल रही हैं तथा उनके परिणाम आने शेष हैं। इन अभ्यर्थियों को भी काउन्सिलिंग की प्रक्रिया में सम्मिलित होने का पूरा अवसर प्राप्त हो, अतः अभ्यर्थियों के हित को दृष्टिगत रखते हुए संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड – 2020 की काउन्सिलिंग की तिथि अब 19 अक्टूबर 2020 की जा रही है। काउन्सिलिंग की प्रक्रिया 19 अक्टूबर 2020 से प्रारम्भ होकर 08 नवम्बर 2020 तक चलेगी। नवीन सत्र 09 नवम्बर 2020 से प्रारम्भ हो जायेगा। काउन्सिलिंग के पश्चात् शेष रह गयी सीटों को पूल काउन्सिलिंग तथा प्रत्यक्ष प्रवेश के माध्यम से भरा जा सकेगा। पूर्व की भाँति इस बार भी काउन्सिलिंग शुल्क रू0 750/– मात्र होगा। इस वर्ष अभ्यर्थियों को EWS की सीटों पर भी प्रवेश दिया जायेगा। यह आरक्षण केवल सरकारी एवं अनुदानित महाविद्यालयों में ही देय होगा। साथ ही जिन अभ्यर्थियों को निजी शिक्षण संस्थानों में निःशुल्क प्रवेश की सुविधा दी जाती थी, वह इस वर्ष अनुमन्य नहीं होगी। अभ्यर्थियों को यह परामर्श दिया जाता है कि उनके द्वारा संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड – 2020 के ऑन–लाइन आवेदन–पत्र में जो प्रमाणपत्र अपलोड किये गये हैं, उनकी मूल–प्रति तथा वाँछित समस्त अन्य आवश्यक प्रपत्र तथा शुल्क हेतु धनराशि आदि की व्यवस्था पूर्व में ही कर लें ताकि काउन्सिलिंग के समय उन्हें कोई असुविधा न हो।

A.B.18.9.20

(प्रो॰ अमिता बाजपेयी)
राज्य समन्वयक
सयुक्त प्रवेश परीक्षा बी॰एड॰–2020